gradeup

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 22-31 मार्च 2021

  

Sahi Prep Hai Toh Life Set Hai

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 22-31 मार्च 2021

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट चौथे **सप्ताह** (22-31) **मार्च 2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. भारतीय रिजर्व बैंक ने यूनिवर्सल बैंकों और स्मॉल फाइनेंस बैंकों हेतु आवेदनों के मूल्यांकन के लिए किसकी अध्यक्षता में एक स्थायी बाह्य सलाहकार समिति (SEAC) गठित करने की घोषणा की है________**श्यामला गोपीनाथ।**

   **नोट:**
   - पांच सदस्यीय समिति की अध्यक्षता पूर्व डिप्टी गवर्नर श्यामला गोपीनाथ करेंगी।
   - SEAC का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा, और यह नियामक द्वारा प्रस्ताव जांचने के बाद यूनिवर्सल और स्मॉल फाइनेंस बैंकों के लिए आवेदन की छटनी करेगा।

2. भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने मानक स्वास्थ्य बीमा योजना 'आरोग्य संजीवनी योजना' के अंतर्गत अधिकतम कवर 5 लाख रुपये से बढ़ाकर कितना कर दिया है__________ **10 लाख रुपये।**

   **नोट:**
   - बीमाकर्ता 1 मई, 2021 या उससे पहले संशोधित बीमित राशि की पेशकश कर सकते हैं।
   - IRDAI ने बीमाकर्ताओं के लिए 10 लाख रुपये तक की बीमित राशि प्रदान करना अनिवार्य किया दिया है, जो 50,000 रुपये से शुरू होकर 50,000 रुपये के गुणज में होगी।

3. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा परपेचुअल बांड के मूल्यांकन के लिए संशोधित मानदंडों के अनुसार 31 मार्च, 2022 तक परिपक्वता अवधि क्या होगी_______ **10 वर्ष।**

   **नोट:**
   - मानदंडों, जिसने बेसल III के अतिरिक्त टियर 1 (AT1) बॉन्ड की बैंकों की अवशिष्ट परिपक्वता को 1 अप्रैल से 100-वर्ष के कर्ज के रूप में मान्यता दी थी, का वित्त मंत्रालय द्वारा कड़ा विरोध किया गया।
   - एक बयान में, नियामक ने कहा कि परिपक्वता 31 मार्च 2022 तक 10 वर्ष होगी, और बाद के छह महीने की अवधि में बढ़कर 20 और 30 वर्ष हो जाएगी।

4. फिच रेटिंग्स के संशोधित अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में भारत की GDP विकास दर क्या होगी_________ **12.8%।**

   **नोट:**
   - इसने भारत के GDP स्तर के महामारी से पूर्व के अनुमान से नीचे रहने की उम्मीद जताई है।
   - फिच ने वित्तीय वर्ष 2023 में GDP विकास दर के 5.8% तक रहने की उम्मीद जताई है।
   - 2020 की दूसरी तिमाही में लॉकडाउन प्रभावित मंदी के गर्त से भारत की बहाली को उम्मीद से तेज पाया गया है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. कौन सा बैंक अपने इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर बिलडेस्क और रेजरपे के साथ साझेदारी में इन्स्टेंट EMI (इक्वेटेड मंथली इंस्टालमेंट्स) सुविधा शुरू करने वाला उद्योग का पहला बैंक बन गया_______ **ICICI बैंक।**

**नोट:**

- ‘EMI @ इंटरनेट बैंकिंग’ नामक इस सुविधा का उद्देश्य लाखों पूर्व-अनुमोदित ग्राहकों को वर्धित सामर्थ्य की पेशकश करना है, क्योंकि यह उन्हें अपने 5 लाख रुपये तक के बड़ी कीमत के लेनदेन को आसान मासिक किस्तों में बदलने में सक्षम बनाता है।
- यह ग्राहक-अनुभव में भी वृद्धि करता है क्योंकि ग्राहकों को तत्काल और पूरी तरह डिजिटल माध्यम में EMI का लाभ मिलता है।

6. अडानी ग्रुप की एक सहायक कंपनी, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (APSEZ) लिमिटेड ने DVS राजू एंड फैमिली से संबंधित गंगावरम पोर्ट लिमिटेड (GPL) में कितने प्रतिशत शेयर का अधिग्रहण किया है__________ **58.1%।**

**नोट:**

- अडानी पोर्ट ने GPL का 89.6% (अर्थात वारबर्ग पिंकस से 31.5% और DVS राजू एंड फैमिली से 58.1%) अधिग्रहण करने का समझौता किया।
- समझौते के अनुसार इसने 17 मार्च 2021 को वारबर्ग पिंकस से 31.5% हिस्सेदारी अधिग्रहित की।

7. इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) द्वारा बढ़ती युवा आबादी के लिए शुरू किए गए एक अनुकूलित बचत खाता 'IOB ट्रेंडी' हेतु आयु सीमा_________ **21 - 38 वर्ष।**

**नोट:**

- इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) ने देश की बढ़ती युवा आबादी की बैंकिंग प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक बचत खाता ‘IOB ट्रेंडी’ शुरू किया है।
- खाता स्वयं या संयुक्त रूप से संचालित हो सकता है। संयुक्त खाते के मामले में, खाता खोलने के दौरान प्राथमिक धारक को युवा होना चाहिए।

8. किस स्मॉल फाइनेंस बैंक को ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा ‘ग्रेट प्लेस टू वर्क’ प्रमाणपत्र दिया गया _____ **ESAF स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- प्रमाणपत्र कार्यस्थल पर उच्च-विश्वास और कार्य-प्रदर्शन की संस्कृति को सम्मानित करने के लिए तृतीय पक्ष के वैश्विक प्राधिकरण द्वारा किए गए एक कर्मचारी सर्वेक्षण का परिणाम है।
- यह सम्मान बैंक के कर्मचारियों के बीच बैंक की प्रतिबद्धता और विश्वसनीयता के प्रति आभार प्रकट करता है।

9. किस बैंक को एशियामनी बेस्ट बैंक अवार्ड्स 2021 में 'इंडियाज बेस्ट बैंक फॉर SME' चुना गया_______ **HDFC बैंक।**

**नोट:**

- HDFC बैंक द्वारा पिछले कुछ वर्षों में अपने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम आकार के उद्यम (MSME) व्यवसाय में बदलाव ने उसे इस पुरस्कार का एक सुयोग्य विजेता बनाया।
- हांगकांग स्थित वित्तीय पत्रिका के वार्षिक सर्वश्रेष्ठ बैंकों के सर्वेक्षण का उद्देश्य प्रत्येक बाजार में ऐसे बैंकों की पहचान करना है जिन्होंने पिछले 12 महीनों में कोर बैंकिंग गतिविधियों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**10.** किस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को 11वें कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) नेशनल एचआर एक्सीलेंस अवॉर्ड 2020-21 में 'रोल मॉडल' पुरस्कार से सम्मानित किया गया_______**NTPC।**

**नोट:**

- NTPC एकमात्र ऐसा PSU है जिसे यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है।
- यह पुरस्कार वर्चुअल कॉन्फ्रेंस "लर्न फ्रॉम द अचीवर्स" में प्रदान किया गया था।

**11.** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किस पेट्रोलियम कंपनी के साथ एक को-ब्रांडेड कॉन्टेक्टलेस रूपे क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है_______ **हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड।**

**नोट:**

- यह कार्ड एक कॉन्टेक्टलेस "टैप एंड गो" कार्ड और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (NCMC) है।
- HPCL खुदरा बिक्री केंद्रों पर इस कार्ड का उपयोग करते समय, कार्डधारक को कैशबैक / रिवार्ड के साथ-साथ बैंक द्वारा प्रदान किए जाने वाले ईंधन अधिभार की छूट मिलेगी।

**12.** किस उद्योग संस्था ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी ('GIFT') IFSC के विकास में सहयोग के लिए एक फ्रेमवर्क स्थापित करने हेतु IFSCA के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं________**FICCI।**

**नोट:**

- समझौता ज्ञापन GIFT IFSC में विश्व स्तरीय फिनटेक हब के विकास के लिए IFSCA और FICCI के बीच भविष्य के सहयोग को बढ़ावा देगा।
- FICCI अन्य सहयोग क्षेत्रों के बीच GIFT IFSC में फिनटेक एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के विकास में भी IFSCA की सहायता करेगा।

**13.** टाटा मोटर्स ने अपने छोटे और हल्के वाणिज्यिक वाहनों को खरीदने के इच्छुक ग्राहकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किस बैंक के साथ तीन वर्ष के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_________**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- वाहन निर्माता के अनुसार, साझेदारी से न केवल रोजगार सृजन होगा, बल्कि उसके BS6 वाहनों की मांग भी बढ़ेगी।
- टाटा मोटर्स ने दावा किया कि SBI के साथ समझौते से उसके CV ग्राहकों को परेशानी मुक्त तरीके से ऋण प्राप्त होने के साथ-साथ बैंक की अनूठी तकनीक-युक्त सेवाओं का उपयोग करने की सुविधा मिलेगी।

**14.** किस इनवेस्टमेंट फंड ने भारत में इंजी ग्रुप के सोलर एनर्जी एसेट्स में 74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है_______**एडेलवाइज़ इन्फ्रास्ट्रक्चर यील्ड प्लस (EIYP)।**

**नोट:**

- एंजी ग्रुप के पास देश में 813 मेगावाट की क्रियाशील सोलर संपत्ति हैं, और इसने अगले कुछ वर्षों में इसे 2 GW तक बढ़ाने की योजना बनाई है, जो एक बार शुरू होने के बाद EIYP द्वारा अधिग्रहित किया जाएगा।
- EIYP आज देश का सबसे बड़ा उपज-केंद्रित अवसंरचना AIF (वैकल्पिक निवेश कोष) है।

**15.** किस बैंक ने किसानों को लागत प्रभावी प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने में मदद हेतु अवर फूड प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं _______ **कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- किसानों को लागत प्रभावी प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने में मदद करने के लिए, कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक (KVGB) ने अवर फूड प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- हाल ही में हस्ताक्षरित MOU के अनुसार, विक्रेता किसान/ किसान फ्रैंचाइजी की आवश्यकतानुसार उच्च गुणवत्ता, मानकीकृत और ब्रांडेड उपकरण/ मशीनरी की आपूर्ति, वितरण तथा स्थापना और संसाधित उत्पादों की खरीद भी सुनिश्चित करेगा। विक्रेता भी ऐसे ऋण खातों के प्रति नियमित वसूली सुनिश्चित करेंगे और ऋण के पूर्ण उपयोग में बैंक की सहायता करेंगे।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रसिद्ध व्यक्ति सागर सरहदी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे________**पटकथा लेखक।**

**नोट:**

- सरहदी ने अपना करियर उर्दू लघु कथाएं लिखने के साथ शुरू किया और उर्दू नाटककार बन गए। फिल्म निर्माता यश चोपड़ा की 1976 की अमिताभ बच्चन और राखी अभिनीत फिल्म 'कभी-कभी' ने उनके बॉलीवुड करियर की शुरुआत के दरवाजे खोल दिए।
- लेखक ने 'सिलसिला' (1981) और श्रीदेवी तथा ऋषि कपूर अभिनीत "चांदनी", जिसमें उन्होंने संवाद लेखन किया, जैसी प्रशंसित फिल्मों में पटकथा के लिए चोपड़ा के साथ मिलकर काम किया।

**2.** प्रख्यात व्यक्ति अनिल धारकर का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे_________**पत्रकार।**

**नोट:**

- वे अपने 70 के मध्य दशक में थे, वह मिड-डे और द इंडिपेंडेंट सहित कई प्रकाशनों के संपादक थे और उन्होंने दक्षिण मुंबई में आकाशवाणी ऑडिटोरियम को एक कला फिल्म थियेटर के रूप में खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- धारकर 'डेबोनेयर', 'मिड-डे' से लेकर 'द इंडिपेंडेंट' और 'द इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' तक कई प्रकाशनों के संपादक रह चुके थे।

**3.** प्रख्यात व्यक्ति के.सी. चक्रवर्ती का हाल ही में निधन हो गया था, वह क्या थे______**RBI के पूर्व डिप्टी गवर्नर।**

**नोट:**

- वह 15 जून 2009 से 25 अप्रैल 2014 के बीच केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर थे, जब उन्होंने कार्यकाल समाप्त होने से तीन महीने पहले अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था।
- कार्यकाल से पहले, उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक (2007-2009) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (CMD) और इंडियन बैंक के CMD (2005-2007) के रूप में कार्य किया था।

**4.** प्रख्यात व्यक्ति अनिल धारकर का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _______**पत्रकार एवं लेखक।**

**नोट:**

- अनिल धारकर भारत के सबसे प्रसिद्ध संपादकों और कला समर्थकों में से एक थे।
- अपने जीवनकाल में, धाकड़ ने कई सम्मान प्राप्त किए और वह लोकप्रिय साहित्यिक महोत्सव, टाटा लिटरेचर लाइव के पीछे की जीवन रेखा थे।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- अनिल धारकर ने 'डेबोनेयर', 'मिड-डे' से लेकर 'द इंडिपेंडेंट' और 'द इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' तक विभिन्न शैलियों के अनेक प्रकाशनों के संपादक के तौर पर काम किया।

**5.** एक प्रसिद्ध नारी अधिकारवादी, मनोचिकित्सक और उपन्यासकार नवल सादवी जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस देश से थीं ________**मिस्र।**

**नोट:**

- मिस्र की एक प्रसिद्ध नारी अधिकारवादी, मनोचिकित्सक और उपन्यासकार नवल सादवी, जिनके लेखन ने दशकों के लिए अत्यंत रूढ़िवादी समाज में हलचल उत्पन्न करने वाले विवाद को जन्म दिया है, का निधन हो गया। वह मिस्र और अरब दुनिया में महिला अधिकारों की एक प्रखर समर्थक थीं।
- 2020 में, टाइम मैग्जीन ने उन्हें 100 वूमन ऑफ द ईयर की सूची में शामिल किया।

**6.** प्रसिद्ध व्यक्ति लक्ष्मीप्रिया महापात्रा का हाल ही में निधन हो गया, वह अनुभवी थीं_______**ओडिसी नृत्यांगना।**

**नोट:**

- प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना केलुचरण महापात्रा की पत्नी, प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना लक्ष्मीप्रिया महापात्र का निधन हो गया। उन्होंने 1947 में पुरी के अन्नपूर्णा थिएटर में अपने नृत्य करियर की शुरुआत की।
- उन्होंने चार ओडिया फिल्मों में भी काम किया है।

**7.** प्रसिद्ध व्यक्ति एडम ज़गजेवस्की का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _______**पोलिश कवि।**

**नोट:**

- प्रसिद्ध पोलिश कवि एडम ज़गजेवस्की का निधन हो गया।
- वह 1960 के दशक के उत्तरार्ध के साहित्यिक आंदोलन पोलैंड के न्यू वेव या जनरेशन '68 के एक अग्रणी व्यक्ति थे, जिन्होंने वास्तविकता से सीधे संबंध प्रकट करने के लिए एक सरल भाषा का आह्वान किया।

**8.** प्रख्यात व्यक्ति के.सी. चक्रवर्ती का हाल ही में निधन हो गया था, वह क्या थे________**RBI के पूर्व डिप्टी गवर्नर।**

**नोट:**

- भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर के.सी. चक्रवर्ती का निधन हो गया।
- वह 15 जून 2009 से 25 अप्रैल 2014 के बीच केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर थे, जब उन्होंने कार्यकाल समाप्त होने से तीन महीने पहले अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था।

**9.** उस सैन्य नायक का नाम बताइए, जिन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत के लिए इन्फेंट्री का नेतृत्व किया था, जिनका हाल ही में निधन हो गया_________**वाल्टर एंथोनी गुस्तावो 'WAG' पिंटो।**

**नोट:**

- एक सैन्य नायक लेफ्टिनेंट जनरल, वाल्टर एंथोनी गुस्तावो 'WAG 'पिंटो (सेवानिवृत्त), जिन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत के लिए इन्फेंट्री डिवीजन का नेतृत्व किया था, का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- उन्होंने युद्ध में बसंतर की लड़ाई में 54 इन्फैन्ट्री डिवीजन का नेतृत्व किया, जिसने बांग्लादेश को जन्म दिया। उन्होंने 'bash on regardless' मोटो के साथ अपने सैनिकों का नेतृत्व किया।

## महत्वपूर्ण दिवस



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

1. विश्व क्षय रोग दिवस 2021 का विषय क्या है ______**The Clock is Ticking.**

**नोट:**

- 24 मार्च वह दिन है जब 1882 में रॉबर्ट कोच ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज की, जो टीबी का कारण बनता है, जिसने इस बीमारी के निदान और इलाज के मार्ग खोल दिए।
- विषय 2021: 'The Clock is Ticking'

2. अंतर्राष्ट्रीय नस्लीय भेदभाव उन्मूलन दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है_______**21 मार्च।**

**नोट:**

- इस वर्ष का विषय "**Youth standing up against racism**" है।
- यह जनता को #FRRacism के माध्यम से आकर्षित करता है, जिसका उद्देश्य नस्लीय पूर्वाग्रह और असहिष्णु दृष्टिकोण के खिलाफ खड़े होने के लिए हम सभी में सहिष्णुता, समानता और भेदभाव-विरोधी संस्कृति को बढ़ावा देना है।

3. प्रतिवर्ष स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु की मृत्यु की वर्षगांठ पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शहीद दिवस (सर्वोदय दिवस) कब मनाया जाता है______**23 मार्च।**

**नोट:**

- 23 मार्च, 1931 को तीनों को लाहौर (पाकिस्तान) में 1928 में जॉन सॉन्डर्स की हत्या करने के चलते फांसी पर लटका दिया गया।
- उन्होंने ब्रिटिश पुलिस अधीक्षक जेम्स स्कॉट के धोखे में उनकी हत्या कर दी थी, जिसके लाठीचार्ज के आदेश के फलस्वरूप लाला लाजपत राय की मृत्यु हो गई थी।

4. विश्व मौसम विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है______**23 मार्च।**

**नोट:**

- यह दिवस 23 मार्च 1950 को विश्व मौसम संगठन की स्थापना की तारीख की याद दिलाता है।
- यह समाज की सुरक्षा और कल्याण में राष्ट्रीय मौसम विज्ञान एवं हाइड्रो-लॉजिकल सेवाओं के योगदान को भी दर्शाता है।

5. विश्व रंगमंच दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर कब मनाया जाता है______**27 मार्च।**

**नोट:**

- विश्व रंगमंच दिवस की शुरुआत 1961 में इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट (ITI), फ्रांस द्वारा की गई थी।
- यह ITI केंद्रों और अंतर्राष्ट्रीय थिएटर समुदाय द्वारा 27 मार्च को प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

6. अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दृश्यता दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है______**31 मार्च।**

**नोट:**

- यह दिवस ट्रांसजेंडरों के सम्मान और दुनिया भर में ट्रांसजेंडर लोगों के साथ होने वाले भेदभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में उनके योगदान के लिए समर्पित है।

## नई नियुक्तियां



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

1. भारत सरकार द्वारा संविदा प्रवर्तन का दिशानिर्देश तैयार करने के लिए गठित उच्च स्तरीय टास्कफोर्स का चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया है________**राजीव कुमार।**

**नोट:**

- संविदा प्रवर्तन के लिए गठित टास्क फोर्स संविदा प्रवर्तन हेतु एक नीतिगत ढांचे पर अपनी सिफारिश देगा और समाधान तंत्र टास्क फोर्स एक प्रभावी समाधान के लिए अपनी सिफारिश देगा।

2. भारत सरकार द्वारा समाधान तंत्र पर दिशानिर्देश तैयार करने के लिए गठित उच्च स्तरीय टास्कफोर्स का चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया है_______**अमिताभ कांत।**

**नोट:**

- यह व्यवसाय में सुगमता बढ़ाने के साथ सरकारी संस्थाओं और निजी निवेशक ठेकेदारों के बीच संविदात्मक विवादों के शीघ्र समाधान की सुविधा प्रदान करेगा।
- इस टास्क फोर्स में DPIIT सचिव, DEA सचिव, विधि कार्य विभाग के सचिव, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ, MoRTH सचिव, नागरिक उड्डयन सचिव, विद्युत सचिव, MNRE सचिव और NHAI चेयरमैन शामिल होंगे। यह टास्क फोर्स अपने गठन के तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगा।

3. नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) का चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया है_________ **संजीव कुमार।**

**नोट:**

- IAS संजीव कुमार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) का चेयरमैन नियुक्त किया गया।
- कुमार महाराष्ट्र कैडर के 1993 बैच के IAS अधिकारी हैं। मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति (ACC) ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी।

4. वर्तमान प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) जिनका कार्यकाल एक वर्ष तक बढ़ाया गया _______ **विजय राघवन।**

**नोट:**

- उन्हें जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव पद से सेवानिवृत्त होने के बाद 2018 में PSA नियुक्त किया गया था। उनका अनुबंध 2 अप्रैल को समाप्त हो रहा है लेकिन अब इसे अप्रैल 2022 तक बढ़ा दिया गया है।

5. भारत के मुख्य न्यायाधीश एस.ए. बोबडे द्वारा भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसकी सिफारिश की गई है_______ **न्यायमूर्ति एन.वी. रमना।**

**नोट:**

- CJI बोबडे ने केंद्र सरकार को संस्तुति पत्र भेजने के बाद अपने उत्तराधिकारी जस्टिस रमना को पत्र की एक प्रति सौंपी।
- CJI बोबडे ने 24 अप्रैल को 48वें CJI के रूप में जस्टिस रमना की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को संस्तुति पत्र भेजने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन रेड्डी द्वारा न्यायमूर्ति रमना के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया।

6. वह भारतीय डॉक्टर जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के प्रशासन तके सर्जन जनरल नियुक्त किया गया ______ **विवेक मूर्ति।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- डॉ. मूर्ति (43 वर्षीय) दूसरी बार अमेरिका के सर्जन जनरल बनेंगे।
- इससे पहले, डॉ. मूर्ति को 2011 में ओबामा प्रशासन के तहत सर्जन जनरल नियुक्त किया गया था, लेकिन उन्हें 2017 में पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा निकाल दिया गया था।

**7.** यूनेस्को की महानिदेशक कौन हैं जिनके साथ शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने एक वर्चुअल बैठक की_______ **ऑड्रे एज़ोले।**

**नोट:**

- शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने नई दिल्ली में यूनेस्को महानिदेशक ऑड्रे एज़ोले के साथ एक वर्चुअल बैठक की।
- उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विशेषकर शिक्षा क्षेत्र में COVID महामारी के दौरान भारत की प्रतिक्रिया सहित पारस्परिक महत्व के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

**8.** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया ______**सौरभ गर्ग।**

**नोट:**

- वरिष्ठ नौकरशाह सौरभ गर्ग को केंद्र सरकार द्वारा नौकरशाही में फेरबदल के तहत भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है।
- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अतिरिक्त सचिव के पद और वेतन पर गर्ग की CEO, UIDAI के रूप में नियुक्त की मंजूरी प्रदान की।

**9.** भारतीय खाद्य निगम का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक किसे नियुक्त किया गया_________ **आतिश चंद्र।**

**नोट:**

- आतिश चंद्र अतिरिक्त सचिव के पद और वेतन पर भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक होंगे।
- बिहार कैडर के 1994 बैच के IAS अधिकारी श्री आतिश चंद्र वर्तमान में कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव हैं।

**10.** स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज (SCOPE) का नया अध्यक्ष किसे चुना गया__________ **सोमा मंडल।**

**नोट:**

- मंडल के पास दो वर्ष का कार्यकाल होगा जो अप्रैल से प्रारंभ होगा; उन्होंने 1 जनवरी, 2021 को SAIL का कार्यभार संभाला।
- SCOPE सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज (CPSE) का प्रतिनिधित्व करने वाला एक शीर्ष पेशेवर संगठन है।

**11.** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (M&M) का प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया__________**अनीश शाह।**

**नोट:**

- उन्होंने पवन गोयनका की जगह ली जो 2 अप्रैल 2021 को MD एवं CEO और M&M के निदेशक मंडल के सदस्य से सेवानिवृत्त होंगे।
- अनीश शाह वर्तमान समय में कंपनी के उप प्रबंध निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षा जल संचयन के लिए विश्व जल दिवस 2021 पर 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन' अभियान शुरू किया, यह अभियान कब से कब तक चलेगा_______**22 मार्च से 30 नवंबर तक।**

   **नोट:**

   - 'कैच द रेन' अभियान पूरे देश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में चलाया जाएगा। इसे देश में पूर्व-मानसून और मानसून अवधि - 22 मार्च से 30 नवंबर तक लागू किया जाएगा।
   - अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी के माध्यम से जमीनी स्तर पर जल संरक्षण करना है। यह वर्षा जल का समुचित भंडारण सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों को जलवायु परिस्थितियों और अवभूमि स्तर हेतु उपयुक्त वर्षा जल संचयन संरचना तैयार करना है।

2. केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) द्वारा स्थापित ई-टेंडरिंग पोर्टल का नाम बताएं_______**PRANIT।**

   **नोट:**

   - यह मानकीकरण, परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन निदेशालय (STQC), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित किया गया है।
   - इसके साथ, पावरग्रिड अब भारत का एकमात्र संगठन है, जिसके पास SAP सप्लायर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (SRM) पर एक ई-प्रोक्योरमेंट सॉल्यूशन है, जो सुरक्षा एवं पारदर्शिता से संबंधित STQC द्वारा निर्धारित सभी उचित आवश्यकताओं के अनुरूप है।

3. केंद्रीय शिक्षा मंत्री, रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने भारत के किस शहर में शहीद भगत सिंह स्मारक का उद्घाटन किया________**नई दिल्ली।**

   **नोट:**

   - उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'शहीद दिवस' (23 मार्च, 2021) पर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों - शहीद भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को श्रद्धांजलि देने और उनके बलिदान के 90 वर्षों के स्मरणोत्सव के अवसर पर किया गया था।
   - यह छात्रों और विश्वविद्यालय समुदाय के लिए स्वतंत्रता और बलिदान के मूल्यों को मन में बैठाने हेतु खुला रहेगा।

4. TERI और Shell द्वारा जारी 'इंडिया: ट्रांसफॉर्मिंग टू ए नेट-जीरो इमिशन सिस्टम' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ऊर्जा प्रणाली में नेट जीरो उत्सर्जन कब तक प्राप्त हो सकता है______**2050।**

   **नोट:**

   - TERI (द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट) और Shell (दूसरा नाम रॉयल डच शेल पीएलसी) द्वारा जारी 'इंडिया: ट्रांसफॉर्मिंग टू ए नेट-जीरो इमिशन सिस्टम' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ऊर्जा प्रणाली में नेट जीरो उत्सर्जन 2050 तक हासिल हो सकता है।
   - यह रिपोर्ट उन चुनौतियों के पहले आकलन में से एक है जिसका सामना भारत को करना होगा यदि भारत नेट-जीरो उत्सर्जन ऊर्जा प्रणाली की ओर बढ़ता है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. अमेरिकी पदार्थ इंजीनियरिंग कंपनी एप्लाइड मैटेरियल्स इंक की स्थानीय सहायक कंपनी एप्लाइड मैटेरियल्स इंडिया ने किस संस्था के साथ एक अनुसंधान एवं विकास (R&D) समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं______**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc), बेंगलुरु।**

**नोट:**

- यह समझौता सेंटर फॉर नैनोसाइंस एंड इंजीनियरिंग (CeNSE) के उद्योग संबद्ध कार्यक्रम का एक भाग है।
- IISc बेंगलुरु और एप्लाइड मैटेरियल्स इंडिया उन्नत पदार्थ के क्षेत्र में नए अनुप्रयोगों और समाधानों का पता लगाने के लिए CeNSE के साथ मिलकर काम करेंगे।

6. 'वर्ड समिट ऑन द इनफॉर्मेसन सोसाइटी (WSIS) फोरम 2021 में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया था। जो विकासवादी समुदायों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक सम्मेलन है_______**संजय धोत्रे।**

**नोट:**

- मंत्री ने अपने मंत्रालय द्वारा शुरू की गई नीतियों और कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।
- आरोग्य सेतु प्लेटफॉर्म का उपयोग नागरिकों की स्वास्थ्य दशा की निगरानी और चेतावनी के लिए किया जाता है।

7. भारत सरकार द्वारा गठित भारत में उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उत्पादों के निर्माण पर चर्चा और संवर्धन के लिए सशक्तिकरण समिति की अध्यक्षता कौन करेगा_______**पीयूष गोयल।**

**नोट:**

- 10 सदस्यीय समिति की अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री करेंगे। समिति उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा सेवित होगी।
- समिति का उद्देश्य अर्धचालक सहित प्रौद्योगिकी-प्रधान क्षेत्रों में निवेश की सुविधा और विनिर्माण को बढ़ावा देना है।

8. यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर (GIPC) द्वारा जारी अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक के नवीनतम वार्षिक संस्करण में 53 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में भारत की रैंक _____**40वीं।**

**नोट:**

- सूचकांक पेटेंट और कॉपीराइट नीतियों से लेकर IP संपदा के व्यावसायीकरण और अंतर्राष्ट्रीय संधियों के पुष्टीकरण तक 53 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में बौद्धिक संपदा अधिकारों का मूल्यांकन करता है।
- IP सूचकांक द्वारा मापी गई 53 अर्थव्यवस्थाओं में से 32 में धनात्मक वृद्धि के साथ 2020 में समग्र वैश्विक IP वातावरण में सुधार हुआ।

9. भारत के किस शहर में "इंडो-कोरियन बाइलैटरल फ्रैंडशिप पार्क" का उद्घाटन किया गया ______**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- 1950 से 1953 तक कोरियाई युद्ध में भारतीय शांति सैनिकों के योगदान के स्मरणोत्सव में फ्रैंडशिप पार्क बनाया गया है।
- हाल के वर्षों में भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी (AEP) और दक्षिण कोरिया की न्यू साउदर्थ पॉलिसी (NSP) के अभिसरण के साथ भारत-दक्षिण कोरिया संबंध मजबूत हुए हैं।

10. NATHEALTH- हेल्थकेयर फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'NATHEALTH' के 7वें वार्षिक शिखर सम्मेलन का विषय________ **Indian Health System Expansion in Post-COVID Era.**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने NATHEALTH- हेल्थकेयर फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'NATHEALTH' के 7वें वार्षिक शिखर सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित किया, जो 25-26 मार्च, 2021 को वर्चुअल फॉर्मेट में आयोजित किया गया था।
- 2021-22 के बजट में इसे 2,23,846 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 137% अधिक है।

**11.** पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री, प्रहलाद सिंह पटेल और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहां पर संयुक्त रूप से 'छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर' का उद्घाटन किया _______ **खजुराहो।**

**नोट:**

- पर्यटन मंत्रालय ने खजुराहो स्थित छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में "MICE रोडशो मीट इन इंडिया" की शुरुआत की।
- यह MICE कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारत के प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों को विश्व स्तरीय स्थलों के रूप में बढ़ावा देने हेतु पर्यटन मंत्रालय की एक पहल है।

**12.** दक्षिण भारत का पहला हवाई अड्डा जिसमें पूर्ण रूप से परिचालित समानांतर रनवे है_______ **केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु।**

**नोट:**

- दक्षिणी रनवे CAT III B सिस्टम से लैस है जो रनवे की दृश्यता में सुधार करके सटीक लैंडिंग सुविधा प्रदान करता है।
- महामारी के कारण कम यात्री आवाजाही के कारण, उत्तरी रनवे में CAT III B प्रणाली को लागू नहीं करने का निर्णय लिया गया।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** किस राज्य सरकार ने जानवरों के लिए भारत का पहला सरकार द्वारा संचालित एम्बुलेंस नेटवर्क शुरू किया________**आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- पशुपालन विभाग को हर विधानसभा क्षेत्र में एक मोबाइल एंबुलेंस पशु चिकित्सा क्लिनिक स्थापित करने का निर्देश दिया गया है।
- ये मोबाइल एंबुलेंस स्पॉट डाइग्नोसिस और आपातकालीन चिकित्सा के साथ पशु प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगी।

**2.** किस राज्य सरकार ने दक्षिणी राज्य में एक मिलियन एकड़ से अधिक क्षेत्र में वाटरशेड प्रोग्राम के कार्यान्वयन हेतु ITC के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_________ **कर्नाटक।**

**नोट:**

- समझौता ज्ञापन पर ITC के सामाजिक निवेश कार्यक्रम 'मिशन सुनहराकल' और कर्नाटक वाटरशेड विकास विभाग के तहत हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौता ज्ञापन के संदर्भ में, 100 वाटरशेड की स्थापना की गई थी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह समझौता कर्नाटक सरकार के 'वाटरशेड डेवलपमेंट फॉर ड्रॉट प्रूफिंग' का एक हिस्सा था और यह ITC के सस्टेनेबिलिटी 2.0 एजेंडा का एक हिस्सा है।

**3.** ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (TRIFED) ने MFP योजना और वन धन विकास योजना के लिए MSP लागू करने के लिए किस राज्य के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए_______**अरुणाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (TRIFED) ने अरुणाचल प्रदेश राज्य के साथ अपने प्रमुख कार्यक्रम, "मैकेनिज्म फॉर मार्केटिंग ऑफ माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस थ्रू मिनिमम सपोर्ट प्राइज (MFP) एंड डेवलपमेंट ऑफ वैल्यू चेन फॉर MFP' और वन धन योजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**4.** वन धन विकास योजना का चैंपियन राज्य ________ **मणिपुर।**

**नोट:**

- राज्य में 100 वन धन विकास केंद्रों की सफल स्थापना के साथ, मणिपुर में अक्टूबर 2019 में वन धन योजना शुरू की गई।
- इसमें जनजातीय, लघु वन उपज के विपणन और मूल्यवर्धन के लिए 1500 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है।

**5.** कुरनूल हवाई अड्डा किस राज्य में स्थित है जिसका उद्घाटन नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), हरदीप सिंह पुरी ने किया__________ **आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- कुरनूल हवाई अड्डे में उड़ान परिचालन 28 मार्च 2021 से शुरू होगा। इस हवाई अड्डे का विकास क्षेत्रीय संपर्क योजना, उड़े देश का आम नागरिक (RCS-UDAN) के तहत किया गया है।
- कुरनूल हवाई अड्डा बेंगलुरू, विशाखापट्टनम और चेन्नई के लिए सीधी उड़ान प्रदान करके इस क्षेत्र को दक्षिण भारत के प्रमुख केंद्रों के करीब लाएगा।

**6.** शिगमो एक वसंत महोत्सव है जिसे भारत के किस राज्य में मनाया जाता है ________**गोवा।**

**नोट:**

- गोवा ने घोषणा की है कि इस वर्ष COVID-19 संक्रमण में अचानक बढ़ोतरी के कारण शिगमो वसंत महोत्सव परेड आयोजित नहीं की जाएगी। शिगमो गोवा में सबसे बड़ा वसंतोत्सव है और अप्रैल के पहले सप्ताह में आयोजित होना था।
- मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गोवा विधानसभा में कहा, महोत्सव रद्द करने का फैसला कोविड-19 संख्या में वृद्धि को रोकने के लिए लिया गया था।

**7.** किस राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत योजना को सफल बनाने के लिए एक 'केला महोत्सव' का आयोजन किया_______**उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**

- इस महोत्सव के आयोजन का मुख्य लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत योजना को सफल बनाना है।
- कुशीनगर से केले के बने उत्पाद एक जिला एक उत्पाद (ODOP) योजना में शामिल किए गए हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**8.** कौन सा राज्य 2 हरित ऊर्जा दक्ष नगर वाला भारत का पहला राज्य बनेगा_______ **बिहार।**

**नोट:**

- परियोजना लागू करने के लिए, बिहार की राज्य सरकार लखीसराय और भागलपुर में 500 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण करेगी।
- राजगीर और बोधगया के बाद, पटना में गवर्नर हाउस, उच्च न्यायालय, संग्रहालय और विद्युत भवन जैसे कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय भी SECI द्वारा प्रदत्त हरित ऊर्जा पर चलेंगे।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** भारत ने किस देश के साथ जल सुरक्षा, उन्नत सिंचाई सुविधा और जल संसाधन विकास में स्थिरता के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं ______**जापान।**

**नोट:**

- जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार और जल एवं आपदा प्रबंधन ब्यूरो, भूमि, अवसंरचना, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय, जापान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**2.** रूस ने कजाकिस्तान में बायकोनूर कॉसमोड्रोम से 18 देशों के लिए कितने विदेशी उपग्रह लॉन्च किए ______**38।**

**नोट:**

- फ्रीगेट अपर स्टेज और 18 देशों के 38 उपग्रहों के साथ सोयूज-2.1a कैरियर रॉकेट ने बायकोनूर कॉसमोड्रोम से उड़ान भरी।
- सोयूज रॉकेट ने दक्षिण कोरिया, जापान, कनाडा, सऊदी अरब, जर्मनी, इटली और ब्राजील सहित एक दर्जन से अधिक देशों के 38 उपग्रहों को कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।

**3.** भारत के संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने भर्ती, पुस्तकों, नियमावली और अन्य दस्तावेजों के क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के लिए किस देश के इंडिपेंडेंट एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स एंड सिविल सर्विसेज कमीशन (IARCSC) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं______**अफगानिस्तान।**

**नोट:**

- यह IARCSC और UPSC के बीच संबंधों को मजबूत करेगा।
- समझौता ज्ञापन भर्ती, पुस्तकों, नियमावली और अन्य दस्तावेजों (जो गोपनीय नहीं हैं) और लिखित परीक्षा की तैयारी और कंप्यूटर आधारित भर्ती परीक्षा एवं ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी (IT) के क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा।

**4.** रेड क्रॉस की किस देश की शाखा ने कई वित्तीय कंपनियों के सहयोग से ज्वालामुखी से संबंधित आपदाओं के लिए दुनिया का पहला कैटस्ट्रॉफी बॉन्ड (कैट बॉन्ड) प्रायोजित और लॉन्च किया है_______ **डेनमार्क।**

**नोट:**

- तीन मिलियन डॉलर का बांड आपदा राहत एजेंसी को कैमरून, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, इंडोनेशिया और मेक्सिको में 10 ज्वालामुखियों में प्रस्फोट से पीड़ित लोगों को शीघ्र सहायता प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- कैटस्ट्रॉफी बॉन्ड निवेशकों को उच्च लाभ प्रदान करता है, लेकिन निर्दिष्ट प्रलय न होने की स्थिति में कोई भुगतान नहीं होता है। इसमें आमतौर पर तूफान और टाइफून प्रभावित क्षेत्र शामिल होते हैं।

**5.** यूनाइटेड नेशन्स वर्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2021 का विषय क्या है________ **Valuing Water।**

**नोट:**

- विश्व जनसंख्या 2040 तक 9 बिलियन तक बढ़ेगी, लेकिन अनुमानित जल भंडार का आयतन 7,000 बिलियन घन मीटर के आसपास स्थिर बना हुआ है।
- यह रिपोर्ट यूएन-वाटर की ओर से संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) द्वारा प्रकाशित है।

**6.** दुनिया की पहली शिप टनल किस देश में बनाई जा रही है______**नॉर्वे।**

**नोट:**

- कुछ वर्ष पहले नार्वेजियन कोस्टल एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा घोषित यह मीलों लंबी, 118 फीट चौड़ी सुरंग उत्तर-पश्चिमी नॉर्वे में पर्वतीय स्टैडवेट प्रायद्वीप के नीचे बनाई जाएगी।
- इस अभियांत्रिकी आश्चर्य के निर्माण में 2.8 बिलियन नॉर्वेजियन क्रोनर (330 मिलियन डॉलर) खर्च होंगे और निर्माण-कार्य 2022 में शुरू होने के कारण इसमें तीन से चार वर्ष तक का समय लगेगा।

**7.** श्रीलंका ने किस देश के साथ 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं ______**चीन।**

**नोट:**

- सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका और पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के बीच हस्ताक्षर किया गया समझौता तीन वर्षों के लिए वैध है। चीन श्रीलंका का सबसे बड़ा आयात स्रोत बना हुआ है।
- 2020 में, चीन से आयात 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर या श्रीलंका के आयात से महज 22 प्रतिशत अधिक था।

**8.** विशाल कार्गो शिप का नाम क्या है जो खराब मौसम की वजह से स्वेज नहर के दक्षिणी छोर के पास फंस गया था_______ **एवर गिवेन।**

**नोट:**

- इससे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मार्ग के दोनों छोर पर जहाजों का एक बड़ा जाम लग गया।
- स्वेज नहर एक कृत्रिम समुद्र-तल जलमार्ग है, जो उत्तर से दक्षिण में मिस्र में स्वेज स्थलडमरूमध्य के पार भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** इस वर्ष (2021) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के किस संस्करण की घोषणा की गई_______**67वें।**

**नोट:**

- कार्यक्रम फिल्म समारोह निदेशालय द्वारा आयोजित किया जाता है, जो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है।
- निर्देशक प्रियदर्शन का मलयालम युद्धक महाकाव्य मरक्कर: लायन ऑफ द अरेबियन सी, जो मोहनलाल के चलते सुर्खियों में है, ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- सर्वश्रेष्ठ अभिनय का सम्मान भोंसले के लिए मनोज बाजपेयी, तमिल फिल्म असुरन के लिए धनुष और कंगना रनौत को उनकी दो फिल्मों: पंगा और मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी के लिए मिला।

**2.** 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में किस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता_______ **मरक्कर: शेर ऑफ द अरेबियन सी।**

**नोट:**

- सर्वश्रेष्ठ अभिनय का सम्मान भोंसले के लिए मनोज बाजपेयी, तमिल फिल्म असुरन के लिए धनुष और कंगना रनौत को उनकी दो फिल्मों: पंगा और मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी के लिए मिला।
- विजय सेतुपति (सुपर डीलक्स) और पल्लवी जोशी (द ताशकंद फाइल्स) ने सहायक अभिनेता के पुरस्कार जीते, जबकि निर्देशक संजय पूरन सिंह चौहान को बहत्तर हूरें के लिए सम्मानित किया गया।

**3.** वर्ष 2020 के लिए गांधी शांति पुरस्कार से किन्हें सम्मानित किया गया_______ **बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान।**

**नोट:**

- गांधी शांति पुरस्कार, महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 1995 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक वार्षिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, पंथ या लिंग की परवाह किए बिना लोगों को प्रदान किया जाता है।
- पुरस्कार में एक करोड़ रुपये की धनराशि, एक प्रशस्ति पत्र, पट्टिका और एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तशिल्प/ हथकरघा वस्तु प्रदान की जाती है।

**4.** वर्ष 2019 के लिए गांधी शांति पुरस्कार से किन्हें सम्मानित किया गया________ **सुल्तान कबूस बिन सईद अल सैद।**

**नोट:**

- गांधी शांति पुरस्कार, महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 1995 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक वार्षिक पुरस्कार है।
- यह पुरस्कार राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, पंथ या लिंग की परवाह किए बिना लोगों को प्रदान किया जाता है।
- पुरस्कार में एक करोड़ रुपये की धनराशि, एक प्रशस्ति पत्र, पट्टिका और एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तशिल्प/ हथकरघा वस्तु प्रदान की जाती है।

**5.** वर्ष 2020 के लिए प्रतिष्ठित महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से किन्हें सम्मानित किया जाएगा______ **आशा भोसले।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार 1996 में राज्य के विभिन्न कार्यक्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की विशिष्ट रचनाओं और उपलब्धियों को सम्मानित करने हेतु स्थापित किया गया था, इसमें 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।
- प्रथम महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार प्राप्तकर्ता मराठी लेखक पी.एल. देशपांडे और इस पुरस्कार के अंतिम विजेता इतिहासकार बाबासाहेब पुरंदरे थे जिन्हें वर्ष 2015 में पुरस्कार प्रदान किया गया था।

**6.** प्रतिष्ठित व्यास सम्मान - 2020 से किन्हें सम्मानित किया जाएगा_________ **शरद पगारे।**

**नोट:**

- व्यास सम्मान, जिसे 1991 में शुरू किया गया था, के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रकाशित एक भारतीय नागरिक द्वारा लिखित उत्कृष्ट हिंदी साहित्यिक रचना के लिए प्रदान किया गया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इस पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और पट्टिका के साथ चार लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाता है।

**7.** वर्ष 2020 का EY एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड किसने जीता है और अब EY वर्ल्ड एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड (WEOY) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे __________ **हर्ष सी. मारिवाला।**

**नोट:**

- मारिवाला, अब 10 जून 2021 को EY वर्ल्ड एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड (WEOY) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- आठ अन्य श्रेणियों में भी पुरस्कार घोषित किए गए, जिसके विजेता परिपक्व उद्योगों और यूनिकॉर्न एवं डेकाकॉर्न सहित स्टार्टअप के युवा उद्यमियों दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**8.** वन संरक्षण के प्रति योगदान के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल रेंजर अवार्ड किसने जीता__________ **महेंद्र गिरि।**

**नोट:**

- वह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाले एशिया के एकमात्र रेंजर हैं।
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने उन्हें पुरस्कार के लिए बधाई दी।

**9.** किस देश की संसद ने एक कानून पारित किया है, जो उन माताओं और उनके जीवनसाथी, जिन्होंने गर्भपात या मृत प्रसव का कष्ट उठाया है, को वैतनिक अवकाश का अधिकार प्रदान करता है _______**न्यूजीलैंड।**

**नोट:**

- न्यूजीलैंड की संसद ने माताओं और उनके जीवनसाथी को गर्भपात या मृत प्रसव के बाद वैतनिक अवकाश का अधिकार प्रदान करने वाला कानून पारित किया है, न्यूजीलैंड ऐसा करने वाला दुनिया का दूसरा देश है।
- बुधवार को संसद में सर्वसम्मति से पारित वियोग भत्ता, कर्मचारियों को गर्भावस्था के फलस्वरूप मृत प्रसव की स्थिति में बीमारी की छुट्टी पर रोक लगाए बिना तीन दिन का अवकाश प्रदान करता है।

## खेल समाचार

**1.** खेल मंत्रालय ने खेलो इंडिया योजना का विस्तार 2021-22 से कब तक करने का निर्णय लिया है______**2025-26 तक।**

**नोट:**

- खेल मंत्रालय ने खेलो इंडिया योजना का विस्तार 2021-22 से 2025-26 तक करने का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने खेलो इंडिया योजना के 2021-22 से 2025- 26 तक विस्तार/ निरंतरता के लिए वित्त मंत्रालय को एक व्यय वित्त समिति (EFC) ज्ञापन सौंपा है।
- खेलो इंडिया योजना के तहत वर्ष 2021-22 के बजट आकलन (B.E) में 657.71 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।

**2.** वह भारतीय निशानेबाज, जिसने नई दिल्ली में आयोजित ISSF विश्व कप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है_______ **ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर।**

**नोट:**

- 20 वर्षीय तोमर थ्री पोजिशन स्पर्धा में निशानेबाजी विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने वाले इतिहास में सबसे युवा निशानेबाज बन गए।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- फाइनल में दो अन्य भारतीय निशानेबाजों में संजीव राजपूत छठे स्थान और नीरज कुमार अंतिम स्थान पर रहे।

**3.** कितने स्वर्ण पदक के साथ भारतीय दल ISSF विश्व कप की ट्रैप स्पर्धाओं में विजेता रहा ______**15।**

**नोट:**

- श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और राजेश्वरी कुमारी की भारतीय तिकड़ी ने महिलाओं की ट्रैप टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत ने फाइनल में कजाखस्तान की तिकड़ी को 6-0 से हराया।
- पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा: किनान चेनाई, पृथ्वीराज टोंडाईमन और लक्ष्य ने स्वर्ण पदक मुकाबले में स्लोवाकिया की टीम को हराकर निशानेबाजी विश्व कप में भारत के कुल पदकों की संख्या 30 पहुंचाई।

**4.** 2021 बहरीन ग्रांड प्रिक्स किसने जीती जिसे फॉर्मूला 1 गल्फ एयर बहरीन ग्रांड प्रिक्स 2021 के नाम से जाना जाता है_________ **लुईस हैमिल्टन।**

**नोट:**

- रेड बुल रेसिंग के ड्राइवर मैक्स वेर्स्टाप्पेन (नीदरलैंड्स) रेस में दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मर्सिडीज के ड्राइवर वाल्टेरी बोटास (फिनलैंड) रेस में तीसरे स्थान पर रहे।
- यह जीत हैमिल्टन की 96वीं फॉर्मूला वन जीत थी।
- बहरीन ग्रैंड प्रिक्स 2021 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैम्पियनशिप की पहली ग्रैंड प्रिक्स है।

## पुस्तकें एवं लेखक

**1.** "माई एक्सपेरिमेंट्स विद साइलेंस" नामक पुस्तक किसने लिखी ______**समीर सोनी।**

**नोट:**

- सोनी की पुस्तक दिल्ली में उनके बाल्यकाल के वर्ष, वॉल स्ट्रीट में उनकी कार्यावधि और बॉलीवुड में उनके समय के साथ उनके संवादों का व्यक्तिगत लेखा-जोखा है।
- पुस्तक का प्रकाशन ओम बुक्स इंटरनेशनल द्वारा किया जाएगा।

**2.** “वाइल्ड एंड विलफुल: टेल ऑफ 15 आइकोनिक इंडियन स्पीसीज” नामक पुस्तक किसने लिखी_________**नेहा सिन्हा।**

**नोट:**

- पुस्तक 15 निबंधों का संग्रह है जिनमें से प्रत्येक निबंध भारतीय प्रजाति पर केंद्रित है।
- इस पुस्तक के माध्यम से नेहा सिन्हा ने दर्शाया है कि विकसित भारत के संकेतक विभिन्न पारिस्थितिकी और विस्थापित वन्यजीवों को उनके विलुप्त होने के बाद भी प्रभावित कर सकते हैं।

**3.** “नेम प्लेस एनिमल थिंग्स” पुस्तक किसने लिखी है__________ **दरिभा लिंडेम।**

**नोट:**

- पुस्तक का प्रकाशन जुबान पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड ने किया है।
- इस पुस्तक में 2000 के दशक के प्रारंभ में मेघालय के शिलांग शहर में रहने वाली एक युवा खासी महिला को दिखाया गया है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- पुस्तक में उम्र, जीवन और स्थानों से गुजरने वाली परस्पर संबद्ध कहानियां हैं और ये बचपन की व्यापकता को समाविष्ट करती हैं और वयस्कता के बोध में प्रवेश करती हैं।

**4.** आत्मकथा "आई एम मलाला: द स्टोरी ऑफ द गर्ल हू स्टुड अप फॉर एजुकेशन एंड वाज़ शॉट बाय द तालिबान' की सह-लेखिका _______ **क्रिस्टीना लैम्ब।**

**नोट:**

- यह क्रिस्टीना लैम्ब द्वारा सह-लिखित है और यूके में वीडेनफील्ड एंड निकोलसन और अमेरिका में लिटिल, ब्राउन एंड कंपनी द्वारा 8 अक्टूबर 2013 को प्रकाशित की गई थी।
- पुस्तक में यूसुफजई के प्रारंभिक जीवन, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के उदय तथा पतन और यूसुफजई के खिलाफ हत्या के प्रयास का विवरण है, जब वह 15 वर्ष की आयु में महिलाओं की शिक्षा के प्रति सक्रिय थीं।

## विज्ञान एवं रक्षा

**1.** अपतटीय गश्ती पोत (OPV) ICGS वज्र का निर्माण किसने किया, जिसे चेन्नई में जनरल बिपिन रावत द्वारा भारतीय तटरक्षक बल (ICG) में कमीशन किया गया था ________**लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड।**

**नोट:**

- ICGS वज्र वर्ष 2015 में रक्षा मंत्रालय द्वारा हस्ताक्षर किए गए अनुबंध के तहत L&T द्वारा बनाए जा रहे सात OPV पोतों की श्रृंखला में छठा पोत है।
- श्रृंखला में पांच OPV की तरह, ICGS वज्र भी अनुबंध के तहत निर्धारित समय से पहले प्रदान किया गया है।

**2.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने संयुक्त राज्य अमेरिका में JPL- कैलटेक मॉडल के समान भविष्यवादी अनुसंधान कक्षा के लिए किस संस्थान के साथ भागीदारी की है_________**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी (IIST)।**

**नोट:**

- अंतरिक्ष एजेंसी जिसका मुख्यालय में है, IIST के साथ एक साझेदारी कर रही है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में JPL- कैलटेक मॉडल के समान है।
- JPL (जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी) को संघीय रूप से अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और कैलटेक (कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) द्वारा प्रबंधित किया जाता है।

**3.** ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल (GWEC) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल विंड रिपोर्ट 2021 के अनुसार, वर्ष 2020 में कितनी पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई है जो वैश्विक पवन ऊर्जा उद्योग के लिए इतिहास में सर्वात्तम वर्ष था_______ **93 गीगावाट (GW)।**

**नोट:**

- रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 वैश्विक पवन ऊर्जा उद्योग के लिए इतिहास में सर्वोत्तम वर्ष था क्योंकि इस वर्ष कुल 93GW की नई क्षमता स्थापित की गई, जो वर्ष-दर-वर्ष 53% की वृद्धि दर्शाता है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ‘ग्लोबल विंड रिपोर्ट 2021’ नामक रिपोर्ट के अनुसार, इस समय दुनिया भर में 743 गीगावॉट पवन ऊर्जा क्षमता है, जो विश्व स्तर पर 1.1 बिलियन टन से अधिक $CO_2$ उत्पादन रोकने में मदद करती है, यह दक्षिण अमेरिका के वार्षिक कार्बन उत्सर्जन के बराबर है।

**4.** "ऑपरेशन थिरुवल्लूर" किससे संबंधित है, जिसे भारतीय सेना ने हाल ही में लॉन्च किया था _______**अविस्फोटित आयुध का निपटान।**

**नोट:**

- स्टेट इंडस्ट्रीज प्रमोशन कॉरपोरेशन ऑफ तमिलनाडु (SIPCOT) इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुम्मिडिपूंडी, तिरुवल्लूर जिला, तमिलनाडु से आयुध एकत्र किया गया था।
- ऑपरेशन थिरुवल्लूर तमिलनाडु सरकार के अनुरोध पर रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।
- एक मेटल स्क्रैप डंप से अविस्फोटित आयुध को आर्मी बम डिस्पोजल टीम द्वारा सफलतापूर्वक निष्प्रभावी कर दिया गया।

**5.** कौन सी संस्था अनुसंधान करने, वायु प्रदूषण जैसी वायुमंडलीय समस्याओं पर नजर रखने, और जलवायु परिवर्तन से जुड़े प्रदूषण, अनियमित मानसून और मौसम संबंधी अतिशय घटनाओं को कम करने हेतु समाधान बताने के लिए एक वायुमंडलीय वेधशाला स्थापित कर रही है______ **IIT दिल्ली।**

**नोट:**

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली ने घोषणा की कि वह अनुसंधान करने, वायु प्रदूषण जैसी वायुमंडलीय समस्याओं पर नजर रखने, और जलवायु परिवर्तन से जुड़े प्रदूषण, अनियमित मानसून और मौसम संबंधी अतिशय घटनाओं को कम करने हेतु समाधान बताने के लिए एक वायुमंडलीय वेधशाला स्थापित कर रही है।
- वेधशाला सोनीपत स्थित उसके अनुसंधान परिसर में 125 करोड़ की लागत से स्थापित की जाएगी।
- सिंधु-गंगा बेल्ट के मध्य में अपनी तरह की पहली वेधशाला शोधकर्ताओं को नई खोज करने में मदद करेगी और देश की कुछ प्रमुख समस्याओं जैसे गंभीर वायु प्रदूषण, अनियमित मानसून के लिए स्थायी समाधान खोजने में मदद करेगी।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co